तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
	विक्रम सोनी **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353168118697044	
09/06/26	अपीलार्थी विक्रम सोनी निवासी नागौरी गैट के अंदर महावीर प्याउ के पास, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 23.04.2026 जोधपुर जिले में पिछले 5 वित्तीय वर्षो (2019–2024) से संबंधित 20 बिन्दुओं की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त 748 दिनांक 27.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना के संबंध में कार्यालय के पत्र दिनांक 01.05.2026 द्वारा सूचना प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रकिया के संबंध में अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by A[illegible] Ranjan
Designation: Coll[illegible]r and District Magistrate
Date: 2026.06.[illegible]2:23:37 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22737989
M e-Sign